हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 14 अप्रैल 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 भीषण गर्मी में पानी के लिए वन्यप्राणी गांवों की ओर कर...



07 स्कूल चलो अभियान में नवप्रवेशी व मेधावी...



## खबर संक्षेप में

### मुख्य नपा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

**नलखेड़ा।** अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी आरपी वर्मा ने जनगणना 2027 अंतर्गत आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में अनुपस्थित रहने पर नगर परिषद कानड़ एवं सोयतकलां के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब तलब किया है। जारी नोटिस में उल्लेख किया है कि 13 अप्रैल को अपरान्ह 12:30 बजे आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस में समस्त चार्ज अधिकारियों एवं जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारियों को शामिल होने प्रातः 10:02 बजे वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सूचना दी गई थी। इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों द्वारा बैठक में सहभागिता नहीं की गई, जिससे उनके निकाय से संबंधित आवश्यक जानकारी संकलित नहीं हो सकी। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिले की लाड़ली बहनों के खातों में 16.75 करोड़ से अधिक राशि अंतरित

**नलखेड़ा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को आष्टा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाड़ली बहना योजना की 35वीं किश्त की राशि प्रदेश की 1.25 करोड़ हितग्राही बहनों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। इस क्रम में आगर-मालवा की 1,13,825 लाड़ली बहनों के खातों में 16 करोड़ 75 लाख 54 हजार की राशि अंतरित की गई, जिससे हितग्राही महिलाओं को आर्थिक संबल प्राप्त हुआ। आष्टा में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का प्रसारण जिले के नगरीय निकायों के वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों ने सीएम के संबोधन को देखा व सुना।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित की 1836 करोड़ रुपए से अधिक की राशि

# बेटियों और बहनों के विकास से ही होगा प्रदेश का समग्र विकास: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री ने आष्टा में 184 करोड़ रुपए से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण के इतिहास में पहली बार महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने वाला है। जो महिला सशक्तिकरण और नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि भारत माता और सभी बहनों के प्रति सम्मान की भावना के कारण हमारी भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया में हजारों वर्षों से जानी जाती है। हमारे देश में माताओं और बहनों की देवी की तरह पूजा की जाती है। रक्षाबंधन तो साल में एक बार आता है, पर हर महीने लाड़ली बहनों का इस प्रकार आशीर्वाद मिलना भी रक्षाबंधन से कम नहीं, यह हमें दुगुनी ऊर्जा के साथ कार्य करने की क्षमता देता है। इस अवसर उन्होंने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर ने हमारे देश को लोकतंत्र और सामाजिक समरसता के साथ-साथ संविधान तो दिया ही, अपितु उन्होंने बहनों की शिक्षा को भी अत्यधिक महत्व दिया। मुख्यमंत्री डॉ यादव आष्टा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। 05 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रदेश की 65 लाख बहनें आर्थिक रूप से समृद्ध हुई हैं। इसमें 12 लाख से अधिक तो लखपति दीदियां हैं। सीहोर जिले में 9,477 स्वयं सहायता समूह संचालित हो रहे हैं, जिनमें एक लाख से ज्यादा दीदियां हैं।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि अब बच्चे प्राइवेट स्कूलों को छोड़कर शासकीय स्कूलों में प्रवेश ले रहे हैं, यह मजबूत होती शिक्षा व्यवस्था को दर्शाता है। हमारी सरकार बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ किताबें, गणवेश, साइकिल सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। इतना ही नहीं बल्कि हायर सेकेंडरी में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए लैपटॉप भी दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही अपने स्कूल में टॉप करने वाले बच्चों को स्कूटी दी जा रही है।

**दो किलोमीटर लंबे रोड शो में उमड़ा जनसैलाब :** आष्टा नगर ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने नागरिकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। करीब दो किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान शहर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। जगह-जगह नागरिकों द्वारा लगातार पुष्प वर्षा की गई, फूल मालाओं से मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

**आष्टा के संदीपनी स्कूल में बच्चों से मिले मुख्यमंत्री डॉ यादव :** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आष्टा में 61 करोड़ रूपये लागत के तथा जावर में 39 करोड़ 54 लाख रूपये लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आष्टा संदीपनी स्कूल में विद्यार्थियों को नए भवन की सौगात मिलने पर बधाई देते हुए उनसे चर्चा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त ऐसे विद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कक्षा 11वीं तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए कई प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्रों से पूछा- कौन डॉक्टर बनेगा, कौन शिक्षक बनेगा, कौन इंजीनियर बनेगा, कौन अपना उद्योग लगाएगा और कौन राजनीति में आएगा। उन्होंने कहा कि



विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के साथ-साथ बच्चों को राजनीति में भी आना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में देश का नेतृत्व उन्हें ही करना है।

#### सवा करोड़ से अधिक बहनों के खाते में 1836 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आष्टा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में योजना की 35वीं किश्त के रूप में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। इसके साथ ही उन्होंने सीहोर जिले की 2,40,287 लाड़ली बहनों के खाते में 35 करोड़ 39 लाख 32 हजार 500 रुपये की राशि अंतरित की। इस अवसर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 184 करोड़ 92 लाख रुपये लागत के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इन कार्यों में 115 करोड़ 32 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण एवं 69 करोड़ 60 लाख रुपये के कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस अवसर पर उन्होंने अनेक योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

#### आष्टा में खुलेगा आईटीआई और जावर में विज्ञान संकाय कॉलेज

आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आष्टा के लिए अनेक विकास कार्यों की घोषणाएं कीं। उन्होंने आष्टा में आईटीआई खोलने, जूनियर बालिका छात्रावास भवन, क्षतिग्रस्त गवाखेडा वेस्टवियर नहर सुधार के लिए एस्टीमेट, भोपाल नाका से कन्नौद रोड तक नगर सीमा में चौड़ीकरण, डिवाइडर निर्माण, नाला निर्माण, ड्रेनेज और स्ट्रीट लाइटिंग, जावर नगर परिषद की सीमा से जैन धर्मशाला जावर तक रोड चौड़ीकरण, डिवाइडर, लाइटिंग, सौंदर्यीकरण कार्य, जिला स्तरीय उत्कृष्ट अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में सीट वृद्धि, अनुसूचित जाति कन्या महाविद्यालय में छात्रावास निर्माण, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा के लिए नवीन भवन निर्माण, जावर में विज्ञान संकाय शासकीय महाविद्यालय खोलने, गुराडिया खुर्द बैराज निर्माण, दूधी नदी पर भाउखेड़ा-अतरलिया बैराज निर्माण, मनीरामपुर में नहर निर्माण, गीता भवन और प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी संपूर्ण विद्युतीकरण कार्य की घोषणा की।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का शिविर 17 को आगर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, इंदौर एवं उज्जैन क्षेत्र, मुख्यालय इंदौर बेंच द्वारा 17 अप्रैल 2026 को आगर जिला मुख्यालय पर न्यायिक पीठ (फोरम) का शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक (आवश्यकतानुसार समय में वृद्धि संभव) एकता सामुदायिक प्रशिक्षण केन्द्र, जिला पंचायत परिसर के पास, कृषि उपज मंडी रोड, छावनी आगर में आयोजित होगा। जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी शिकायतों के निराकरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर इस शिविर में उपस्थित हों। उपभोक्ता अपने क्षेत्र के सहायक/कनिष्ठ यंत्री के माध्यम से अथवा सीधे कार्यपालन यंत्री कार्यालय आगर/सुसनेर या फोरम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

पूर्व में पंजीयन करवाने वाले उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण शिविर के दौरान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126, 127 एवं 135 से 140 के अंतर्गत आने वाले विद्युत चोरी एवं माल प्रैक्टिस से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई इस फोरम में नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं को यह भी अवगत कराया गया है कि शिकायत दर्ज कराने अथवा फोरम से संबंधित किसी भी कार्यवाही के लिए कोई शुल्क देय नहीं होगा। जिला प्रशासन द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने एवं अपनी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की गई है।

## हाउसिंग बोर्ड ओवरब्रिज विवाद, रहवासियों ने पूछा- साहब! पहले अवैध दीवार तो हटाओ, यातायात की जल्दी क्यों?



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हाउसिंग बोर्ड स्थित रेलवे गेट नंबर 104 पर बन रहा ओवरब्रिज अब विवादों के घेरे में आ गया है। ब्रिज कॉर्पोरेशन और ठेकेदार द्वारा आनन-फानन में निर्माण पूरा कर यातायात शुरू करने की कोशिशों का स्थानीय रहवासियों ने कड़ा विरोध किया है। रहवासियों का आरोप है कि प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहा है और उनकी वाजिब आपत्तियों का निराकरण नहीं किया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिक फोरम (सीनियर सिटीजन फोरम) के माध्यम से रहवासियों ने शिकायत की है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की तरफ जहां ब्रिज का अंतिम छोर उतर रहा है, वहां एक निजी भू-स्वामी ने दीवार खड़ी कर दी है। इस दीवार के कारण ब्रिज की चौड़ाई कम हो गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रशासन पूरी जमीन के सीमांकन के बजाय केवल उतनी ही जमीन का अधिग्रहण करने की तैयारी में है, जो ब्रिज के उतार के लिए जरूरी है, जबकि रहवासी भविष्य की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण और सर्विस रोड की मांग कर रहे हैं।

#### प्रशासन की कार्यप्रणाली पर खड़े हुए सवाल

रहवासियों ने कलेक्टर को सौंपे आपत्ति पत्र में कई कानूनी खामियों की ओर इशारा किया है, जिसमें बिना सर्वे नंबर और खसरे की स्थिति स्पष्ट किए भू-अर्जन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो विधि विरुद्ध है।

राज्य मार्ग क्रमांक 26 पर नियमतः मार्ग के मध्य से दोनों ओर 15-15 मीटर (कुल 30 मीटर) की चौड़ाई होनी चाहिए, जो वर्तमान में नहीं मिल रही है। लोक निर्माण सेतु संभाग की प्रशासकीय स्वीकृति में ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड का प्रावधान है, लेकिन ठेकेदार द्वारा भोपाल रोड की ओर उतरते समय लेफ्ट साइड में सर्विस रोड का निर्माण नहीं किया जा रहा है।

#### कलेक्टर से की गई ये मुख्य मांगें

- श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, संतोष नगर और रेलवे लाइन की शासकीय भूमि का संपूर्ण सीमांकन हो।
- ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाए।
- केवल ब्रिज निर्माण तक की भूमि नहीं, बल्कि आवश्यक चौड़ाई के लिए पूरी भूमि का अधिग्रहण हो।

#### काला दिवस मनाने की चेतावनी

रहवासियों की सुविधा के लिए माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में जनहित याचिका भी दायर की गई है। रहवासियों का स्पष्ट कहना है कि यदि उनकी मांगों को पूरा किए बिना ब्रिज शुरू किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। इतना ही नहीं समिति ने घोषणा की है कि जिस दिन अधूरा काम छोडक़र ब्रिज का उद्घाटन होगा, उस दिन को रहवासी 'काला दिवस' के रूप में मनाएंगे।

## सिंचाई विद्युत कनेक्शन के बढ़ाए गए हॉर्सपावर सुधारने की मांग



**नलखेड़ा।** सोमवार को भारतीय किसान संघ द्वारा मप्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि क्षेत्र में किसानों के सिंचाई कनेक्शनों को मनमाने तरीके से 5 एचपी से बढ़ाकर 6.5 एचपी कर दिए गए हैं, जिसका किसान संघ विरोध करता है। ज्ञापन में इसमें तत्काल सुधार करने की मांग की गई है। नहीं करने पर कंपनी कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन कर चक्का जाम किए जाने की चेतावनी दीहै। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान किसान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नारायणसिंह जोधा, तहसील प्रभारी जगदीश पाटीदार सहित अन्य पदाधिकारी व किसान उपस्थित थे।

### 3 साल से फरार इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार

**सीहोर।** पुलिस ने हत्या के एक मामले में तीन साल से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अनिल भिलाला को रविवार को उसके पैतृक गांव धामनखेड़ा से घेराबंदी कर पकड़ा गया। वह 2023 से पुलिस को चकमा दे रहा था। यह घटना 8 मार्च 2023 की है। आरोपी अनिल भिलाला ने अपने साथियों के साथ मिलकर धामनखेड़ा निवासी संतोष की हत्या कर दी थी। वारदात के बाद से ही अनिल फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर हत्या (धारा 302) सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था। लंबे समय तक आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने उस पर 10,000 रुपए का इनाम घोषित किया था। कोतवाली पुलिस ने देवास और धामनखेड़ा में मुखबिरों को सक्रिय किया था। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव आने वाला है। इस सूचना पर थाना प्रभारी रवींद्र यादव के नेतृत्व में एक टीम ने जाल बिछाया। जैसे ही आरोपी गांव में दाखिल हुआ, पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन, समाजजन रहे उपस्थित

# माता-पिता की सेवा व सम्मान करने वाला जगत में सम्मानित होता है: चंदनबाला श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



जीवन में जो लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ता है उसे हर कार्य में सफलता अवश्य मिलती है। संकल्प कभी अधूरे नहीं रहते, वहीं सपने कभी भी पूरे नहीं होते हैं। माता-पिता की सेवा व सम्मान करने वाला जगत में सम्मानित होता है। मां पुण्य से मिलती है, पत्नी पसंद से मिलती है। जैन आराधना भवन में चंदनबाला श्रीजी ने रविवार को प्रवचन के दौरान यह बात कही।

गुरूवर्या ने कहाकि जीवन में जो संकल्प करता है उसे सिद्धि अवश्य मिलती है। क्योंकि संकल्प कभी अधूरे नहीं रहते हैं वहीं सपने कभी भी पूरे नहीं होते हैं। जीवन में हमें लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ना होगा तभी हम उसमें सफलता प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन हमने अपना अभी तक लक्ष्य नहीं बनाया है। नहीं अपने आप का निरीक्षण किया कि मैं कौन हूं, मैं कहां से आया हूं ,और मुझे कहां जाना है। उन्होंने कहाकि जिसने जन्म लिया उसे एक दिन यहां संसार छोड़कर जाना है लेकिन जाने से पहले ऐसा काम करके जाएं कि जाने के बाद भी यह दुनिया आपको याद रखें। उन्होंने कहा कि हमारे पुण्य और धर्म ने हमें कोरोना जैसे काल में भी बचाया है। समय रहते हमें सावधान हो जाना चाहिए तथा इस दुर्लभ मानव जन्म को धर्म कार्य के साथ परोपकार व दीन दुखियों की सेवा में लगाना चाहिए। गुरूवर्या ने कहाकि मानव भव मिलना बड़ा ही दुर्लभ है, उस पर अमूल्य परमात्मा का शासन हमें मिला है। हमें देव गुरु धर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व श्रद्धा भाव रखना चाहिए। मानव जन्म, देव, गुरु, धर्म का योग तथा भगवान महावीर का शासन हमें पुण्य से मिला है। लेकिन काया और माया के पीछे यहां अमूल्य जीवन हम व्यर्थ में गवा रहे हैं।

#### संत आते हैं तो संस्कृति मुस्कुराती है : रत्न निधिजी

इस अवसर पर निधिजी म.सा. ने कहाकि बसंत आता है तो प्रकृति मुस्कुराती है, संत आते हैं तो संस्कृति मुस्कुराती है। संकल्प की शक्ति सबसे ताकतवर होती है। साध्वीश्री ने कहा कि संत जब भी आते हैं मुक्ति का सोपान, प्रभु का आदेश लेकर आते हैं। इनके आने से हमारी संस्कृति मुस्कुराती है। संत हमें भौतिक चकाचौंध में भी समाधि मरण का बीज देते हैं। देव, गुरु, धर्म की आपके ऊपर यदि कृपा रही तो आपका यहां मानव जन्म पाना सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गुरु भगवंत हमें आचरण का पाठ पढ़ाते हैं, जागरण का ताबीज देते हैं, समाधि मरण का बीज देते हैं। प्रवचन के पूर्व स्वागत गीत श्री चंदा प्रभु बहुमंडल द्वारा प्रस्तुत किया गया। वर्धमान स्थानक वासी श्रावक संघ के अध्यक्ष पारसमल लोढ़ा ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए।

## स्वच्छता के प्रति नागरिकों को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत नगर के रहवासियों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रतिदिन गीला कचरा व सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखकर उसे नगर परिषद के कचरा संग्रहित करने वाले वाहन में देने के लिए समझाया गया। साथ ही नागरिकों को अपने गली मोहल्ले को साफ स्वच्छ बनाए रखने की अपील के साथ कहा गया कि वह आने जाने वाले मार्गों पर कचरा न फैलाए जिससे नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सके तथा लोगों के व्यवहार में परिवर्तन ला सके। नगर परिषद के दरोगा, मेट, एवं कर्मचारियों ने नगर की जनता से नगर को स्वच्छ बनाने मे सहयोग करने अपील भी की गई।

## खबर संक्षेप



### जनगणना के लिए प्रगणक व सर्वेक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत जनगणना कार्य के सफल संपादन के लिए श्यामपुर, बुधनी, दोराहा सहित अनेक स्थानों पर प्रगणक और सर्वेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणक एवं सर्वेक्षकों को जनगणना कार्यों की बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

### एमपी टास्क पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास और आश्रमों का MP TAASC मॉड्यूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2026-27 में जो विद्यार्थी छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पहले अपना प्रोफाइल पंजीयन करा लें, बिना प्रोफाइल पंजीयन के छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पंजीयन के लिए वेबसाईट www.tribal.mp.gov.in पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण किया जा सकता है। विद्यार्थी जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है उस छात्रावास से निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त करें और पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ (जैसे-जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी समग्र आईडी, आधार नंबर, प्रोफाइल पंजीयन, बैंक खाते की पासबुक, पिछली कक्षा की अंकसूची) छात्रावास में अधीक्षक के पास 30 जून 2026 तक जमा करा सकते है।

### एकलव्य सीहोर ने मास्टर क्लब को 76 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को दो मैच खेले गए। इसमें पहले मैच में एकलव्य सीहोर ने मास्टर क्लब को 76 रन से हराया। वहीं एक अन्य मैच में अलअहमद सीनियर क्रिकेट वारियर्स टीम ने डीसीए सीहोर को हराया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एकलव्य टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 215 रन बनाए थे। इसमें आशीष मेवाड़ा ने 28 गेंद पर 51 रन, अमित शर्मा ने 22 गेंद पर 42 रन, मयंक जैन ने 43 रन, नरेन्द्र ने 26 रन, कमलेश पारोचे ने 11 रन की पारी खेली। इधर मास्टर क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए जीवन बाथम ने दो विकेट, राजीव खरे-रनवीर चौहान ने एक-एक विकेट हासिल किया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी मास्टर क्लब की टीम 17.4 ओवर में ढेर हो गई। उसकी शुरूआत खराब रही।

### जंगल में पानी का संकट गहराया, सूखी टंकियां और पोखर, ग्रामीण इलाकों में जानवरों की बढ़ती आवाजाही से दहशत

# भीषण गर्मी में पानी के लिए वन्यप्राणी गांवों की ओर कर रहे रुख, लापरवाही से बढ़ा खतरा

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बीते कुछ दिनों में जंगली जानवरों की गांवों के आसपास आवाजाही काफी बढ़ गई है। रात के समय खेतों और बस्तियों के नजदीक वन्यप्राणियों की मौजूदगी देखी जा रही है, जिससे लोग भयमीत हैं।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

तहसील भैरूंदा क्षेत्र में भीषण गर्मी ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है, वहीं अब इसका सीधा असर वन्यप्राणियों पर भी साफ नजर आने लगा है। जंगलों में पानी की उपलब्धता न होने के कारण वन्यजीव प्यास बुझाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं। इससे एक ओर जहां वन्यप्राणियों की जान पर संकट मंडरा रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के बीच डर और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बीते कुछ दिनों में जंगली जानवरों की गांवों के आसपास आवाजाही काफी बढ़ गई है। रात के समय खेतों और बस्तियों के नजदीक वन्यप्राणियों की मौजूदगी देखी जा रही है, जिससे लोग भयभीत हैं। कई स्थानों पर मवेशियों पर हमले की आशंका भी ग्रामीणों को सताने लगी है। गर्मी के इस चरम दौर में जंगलों के नदी,नाले,तालाबों सहित प्राकृतिक जलस्त्रोत पूरी तरह सूख चुके हैं, जिससे वन्यजीवों के सामने जीवन संकट खड़ा हो गया है। हैरानी की बात यह है कि जिम्मेदार वन विभाग ने इस गंभीर स्थिति के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। विभाग द्वारा जंगल में कुछ स्थानों पर पोखर और टंकियां तो बनाई गई हैं, लेकिन उनमें पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। ये टंकियां सूखी पड़ी हैं, जो विभाग की केवल औपचारिकता पूरी करने की मंशा को दर्शाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पानी की व्यवस्था नहीं की गई, तो वन्यप्राणियों की मौतें होना तय है। साथ ही, गांवों में उनकी बढ़ती मौजूदगी से मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।

ऐसे में प्रशासन और वन विभाग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जातों है कि वे तत्काल प्रभाव से जलस्त्रोतों को भरवाएं और नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। विशेषज्ञों का मानना है कि गर्मी के मौसम में वन्यप्राणियों के लिए कृत्रिम जलस्त्रोतों की व्यवस्था करना बेहद आवश्यक होता है। पानी की कमी न केवल उनके जीवन के लिए खतरा बनती है, बल्कि उन्हें अपने प्राकृतिक आवास से बाहर निकलने के लिए मजबूर करती है, जिससे कई तरह के जोखिम उत्पन्न होते हैं। अब देखना यह है कि वन विभाग इस गंभीर समस्या को कितनी प्राथमिकता देता है और कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं। फिलहाल, प्यास से बेहाल वन्यप्राणी और डरे हुए ग्रामीण दोनों ही राहत की उम्मीद में हैं।

## 151 पवित्र नदियों के जल से होगा जलाभिषेक नीलकंठ पर संतों ने किया दिव्य अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



नगर में 25 अप्रैल से आयोजित होने जा रहे भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर धार्मिक माहौल बनना शुरू हो गया है। इसी क्रम में रविवार को नीलकंठ धाम पर संतों एवं समिति सदस्यों द्वारा विधि-विधान से दिव्य अनुष्ठान संपन्न किया गया।

संत श्री माधव दास महाराज अधिकारी एवं यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने नर्मदा कलश एवं ध्वज का पूजन किया। इस दौरान सवारी प्रभारी सन्नी राजपाल सरदार ने श्री लक्ष्मी नारायण के जलाभिषेक हेतु पवित्र नदियों के जल से भरे कलशों को रवाना किया।

आयोजन समिति के अनुसार, इस महायज्ञ में देशभर की करीब 151 पवित्र नदियों जिनमें नर्मदा, गंगा, यमुना, अलकनंदा, मंदाकिनी सहित अन्य नदियां शामिल हैं का जल एकत्रित कर भगवान का जलाभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर संत माधव दास महाराज ने कहा कि "जिस जल से हम स्वयं को पवित्र करते हैं, उसकी शुद्धता बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। मां नर्मदा हमारी आस्था का केंद्र है, इसे स्वच्छ और अविरल बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय के मार्गदर्शन एवं श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज व महंत राघव दास महाराज के निर्देशन में यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। 25 अप्रैल को महाकाल और पुरी की तर्ज पर भव्य सवारी निकाली जाएगी, जिसमें देशभर के नागा साधु, निहंग सिंह और संत-महात्मा शामिल होंगे। बताया गया कि इस आयोजन में 5 हजार से अधिक महिलाएं 151 नदियों के जल से भरे कलश लेकर मंदिर पहुंचेंगी, जो इस आयोजन को और भी भव्य स्वरूप प्रदान करेगा।

वहीं जिला संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने कहा कि इस कलश यात्रा का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नदियों में ऐसी पूजन सामग्री प्रवाहित न करें जिससे जल प्रदूषित हो। साथ ही नर्मदा के दोनों तटों पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान भी किया। आयोजन समिति ने समाज के प्रत्येक वर्ग से इस धार्मिक महायज्ञ में सहभागी बनने की अपील की है।

## 14 अप्रैल को निकालेंगे भव्य अंबेडकर जयंती शोभायात्रा, तैयारियां जोरों पर



**भैरूंदा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को नगर में भव्य और आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम इस बार भी खास बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बाबा साहब की जिन्दा सेना एवं उनके अनुयायियों द्वारा आयोजित इस आयोजन को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और नगर का माहौल धीरे-धीरे उत्सवमय होता जा रहा है।

आयोजन समिति के सदस्य संतोष गौर ने बताया कि बाबा साहब ने "सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय" के सिद्धांत को अपनाते हुए देश को एक मजबूत संविधान दिया, जिसने विविधताओं से भरे भारत को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज भारत की लोकतांत्रिक मजबूती और सामाजिक समरसता का श्रेय बाबा साहब की दूरदर्शी सोच को जाता है।

जयंती के दिन शोभायात्रा इंदौर मार्ग स्थित मोती विहार कॉलोनी से प्रारंभ होकर बाबासाहेब अंबेडकर पार्क (रेस्ट हाउस के पास) में संपन्न होगी। यात्रा में आकर्षक झांकियां, अखाड़ों के प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ युवा पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

आयोजन समिति ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। इस आयोजन को सामाजिक समरसता और संविधान के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया जा रहा है।

कार्यक्रम की तैयारियों में जितेंद्र धवन, विवेक दोगने, नितेश पेठारी, राजेश बकोरिया, संजय बकोरिया और शिवनारायण बाकरियां सहित कई समाजसेवी सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### जनगणना 2027: कर्मचारियों का प्रशिक्षण जारी, डिजिटल तकनीक पर विशेष जोर



**बुधनी।** जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। इसमें कुल 190 कर्मचारी भाग ले रहे हैं जिनमें 161 प्रगणक और 29 सुपरवाइजर शामिल हैं। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित हो रहा है पहले चरण में 81 प्रगणक और 15 सुपरवाइजर को जनगणना प्रक्रिया, डेटा संकलन और डिजिटल माध्यम से जानकारी दर्ज करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कर्मचारियों को मोबाइल ऐप और टैबलेट के जरिए डेटा एंट्री, घर-घर सर्वे और आमजन से संवाद के तरीके सिखाए जा रहे हैं प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक अभ्यास भी कराया जा रहा है। रविवार को जिला स्तरीय टीम ने तहसील मुख्यालय पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों के अनुसार, इस बार जनगणना को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का विशेष उपयोग किया जा रहा है आगामी चरणों में भी इसी तरह प्रशिक्षण जारी रहेगा।

## ढोल-बाजे, डमरू व नगाड़ा के साथ नगर भ्रमण करेंगे भगवान परशुराम



**सीहोर।** इस वर्ष भी सर्व ब्राम्हण समाज के तत्वाधान में जगत पालक भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान शिव शक्ति के परम शिष्य चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, विश्वास, उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। मिडिया प्रभारी पंडित सुनील शर्मा व प्रियांशु दीक्षित ने बताया की आगामी 20 अप्रैल सोमवार को भगवान परशुराम का अभिषेक व महाआरती व 26 अप्रैल रविवार को भव्य रूप से चल समारोह शोभा यात्रा निकाली जायेगी ।

ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ,धर्मशाला अध्यक्ष पं. मनोहर शर्मा,चल समारोह अध्यक्ष पं. राजेश मोहन शर्मा,कार्यकारी अध्यक्ष पं. सुदीप व्यास,ग्रामीण अध्यक्ष पं. महेश दुबे,महामंत्री पं. रमाकांत समाधिया, युवा संघठन अध्यक्ष पं. रजत व्यास,चल समारोह युवा अध्यक्ष पं. तनिश त्यागी, रुपेश तिवारी ने सभी विप्र बंधुओ से अपील की है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

26 अप्रैल रविवार को भगवान परशुराम चल समारोह शोभा यात्रा ब्राह्मण धर्मशाला खजांची लाइन से शाम 5 बजे शंख ध्वनि से प्रारंभ होगी। चिरंजीवी भगवान परशुरामजी नगर भ्रमण कर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। शोभा यात्रा नमक चौराहा, सब्जी मंडी,गाड़ी अड्डा, भगवान परशुराम चौराहा कोतवाली, मेंन रोड, मां कालका मंदिर,पान चौराहा,बड़ा बाजार, अटल चौक, मनकामेश्वर मंदिर से होकर बाल विहार ग्राउंड पहुंचेगी।

शोभा यात्रा में बैंड बाजे,ढोल,नगाड़ा, डमरू चलीत झांकियां अखाड़े आदि मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे।

### नौ दिवसीय श्रीराम कथा में मनाया गया भगवान राम का जन्मोत्सव

# भगवान राम का जन्म असुरों का संहार करने के हुआ था:संत उद्धवदास महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में जाारी नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महंत उद्धवदास महाराज ने भगवान राम के जन्म की कथा का श्रवण कराया। प्रभु राम के बाल रूप में जन्म लेते ही अयोध्या में खुशियां छा गईं और पूरे नगर को सजाया गया। कथा सुन रहीं महिलाएं भक्तिभाव से गाते हुए नृत्य करने लगीं। पुरुष और बच्चे भी भक्तिभाव में लीन होकर झूमते और नाचते दिखे। उन्होंने कहाकि भगवान राम का जन्म असुरों का संहार करने के लिए हुआ था।

महंत उद्धवदास ने कहाकि भगवान श्रीराम को भक्ति से पाया जा सकता है। धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होता है। भगवान चारों दिशाओं में विद्यमान है। इन्हें प्राप्त करने का मार्ग मात्र सच्चे मन की भक्ति ही है। रामचरित्र मानस में ऐसे दो ही पात्र है, जिन्होंने सुख की प्राप्ति हेतु अलग-अलग मार्गों का अनुसरण किया है। यह पात्र है दशानन अर्थात रावण और राजा दशरथ। दशानन का अर्थ है, वह व्यक्ति जो मन के वशीभूत हो दशों इंद्रियों को सांसारिक सुखों की प्राप्ति के लिए लगाकर सदैव प्रयत्नशील रहता हो, वहीं दशरथ वह चरित्र है, जिसने दशों इंद्रियों को जीत लिया हो और जो सदैव ईश्वर की भक्ति में ही तत्पर रहता है। भगवान श्रीराम ने भी राजा दशरथ के यहां पर इसी भक्ति और साधना को देखते हुए जन्म लिया। भगवान सर्वत्र व्याप्त है। प्रेम से पुकारने व सच्चे मन से सुमिरन करने पर भगवान कहीं भी प्रकट हो सकते है। भगवान राम के जन्म की व्याख्या करते हुए बताया कि सतकृपा के तप से भगवान ने राजा दशरथ व रानी कौशल्या के घर जन्म लिया। उन्होंने कहाकि दशरथ और दशानन, रामायण के दो अलग-अलग हैं। दशरथ को राजा दशरथ के रूप में जाना जाता है, जो अयोध्या के राजा और भगवान राम के पिता थे। दूसरी ओर, दशानन रावण का दूसरा नाम है, जो लंका का राजा था। दशानन शब्द का अर्थ है दस सिर वाला, जो रावण के दस सिरों का प्रतीक है। दशरथ इंद्रियों को नियंत्रित करने वाला व्यक्ति है, जबकि दशानन दस इंद्रियों को भोगों में उलझाने वाला व्यक्ति है।



संत उद्धवदास महाराज ने कहाकि पृथ्वी पर निवास करने वाले प्रत्येक जीव सुख की तलाश में भटक रहा है, जिससे भी पूछो कि तुम्हे क्या चाहिए तो वह एक ही बात कहता है कि मुझे असीम सुख की तलाश है। सुख की प्राप्ति के लिए मनुष्य मन के वसीभूत हो आवश्यक रसों की खोज के लिए भौतिक संसाधनों का उपयोग करने में लगा हुआ है। भौतिक संसाधनों से हम मन के वशीभूत होकर क्षणिक सुख तो प्राप्त कर सकते हैं, किन्तु वास्तविक सुख प्रभु राम की भक्ति से ही प्राप्त होता है। भक्ति से प्राप्त सुख इतना मधुर होता है कि इसके आगे सभी नौरस फीके पड़ जाते हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की जसपाल सिंह अरोरा ने मुलाकात, स्वागत किया



**सीहोर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने आष्टा पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान उनका स्वागत, सत्कार भी किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान सीहोर के वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने उनसे मुलाकात की। श्री अरोरा ने बताया कि मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण को लेकर कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही हैं। इन्हीं में से लाडली बहना योजना भी एक बेहद महत्वपूर्ण योजना साबित हुई है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रतिमाह उनके खातों में राशि पहुंचाई जा रही है। यह योजना मध्यप्रदेश में शुरू हुई थी और अब स्थिति यह है कि देश के अन्य राज्यों में भी योजना को लागू किया जा रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने बताया कि देश जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तरक्की की राह पर अग्रसर है, तो वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश को विकासशील राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। इस मौके पर अरोरा मित्र मंडल के सदस्य एवं उनके समर्थक भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल छीना, जान से मारने की धमकी दी

**ललितपुर।** शहर के नर्सरी मरगटा इलाके में नशे में लिप्त तीन युवकों ने एक व्यक्ति को बुरी तरह मारपीट कर उसके मोबाइल फोन छीन लिया और जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित मोन्टी सोनी ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। घटना 5 अप्रैल 2026 को रात करीब 9.30 बजे हुई। गांधीनगर निवासी मोन्टी सोनी ने बताया कि वह नर्सरी मरगटा के पास से गुजर रहे थे। वहां चार लोग शराब पी रहे थे। इनमें चण्डी मंदिर के पास रहने वाले आयुष चतुर्वेदी, दीपक अहिरवार और छुन्नू शामिल थे। बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। जब मोन्टी सोनी ने विरोध किया तो आरोपियों ने बेल्ट और लाठी-डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई की। पीड़ित को अंदरूनी चोटें आईं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने कहा, कहीं दिखे तो जान से मार देंगे। साथ ही पीड़ित का मोबाइल फोन भी छीन लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान को मिलेगी गति

**ललितपुर।** ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत जनपद में पांडुलिपियों के चिन्हीकरण एवं सर्वेक्षण का कार्य आगामी तीन माह में पूर्ण किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनपद के निजी एवं सरकारी पुस्तकालय, संग्रहालय, शिक्षण एवं शोध संस्थान, संस्कृत पाठशालाएं, मंदिर, मठ, आश्रम, गुरूकुल ट्रस्ट आदि संभावित पाण्डुलिपि संग्रह केन्द्र के रूप में चिन्हित किए जाएंगे। इसके अलावा निजी संग्रहकर्ताओं, पुरोहितों, धर्माचार्यों, ज्योतिषाचार्यों, आयुर्वेदाचार्यों तथा संस्कृत एवं प्राचीन भाषाओं के विद्वानों के पास उपलब्ध पांडुलिपियों का भी सर्वेक्षण किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पाण्डुलिपियों का सर्वेक्षण संग्रहकर्ता की सहमति से ही किया जाएगा तथा पांडुलिपियों का स्वामित्व पूरी तरह संग्रहकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा। यह सर्वेक्षण कार्य ज्ञान भारतम ऐप मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाएगा, जो गूगल प्ले स्टोर एवं एप स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है। अभियान से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### निर्माण समिति गठित हरप्रसाद बने अध्यक्ष

**विदिशा।** बंटी नगर में रविवार को नामदेव धर्मशाला निर्माण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से हरप्रसाद नामदेव को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष रामकृष्ण नामदेव, सचिव संदीप नामदेव एवं कमलेश नामदेव, महामंत्री राजेंद्र नामदेव व वरुण नामदेव बनाए गए। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी कृष्ण कुमार, राजकुमार और रमेश कुमार को सौंपी गई। साथ ही सलाहकार सदस्य, संरक्षक और प्रचार मंत्री के पद भी निर्धारित किए गए।

### नर्मदापुरम से नाबालिग को खोजकर लाई पुलिस

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने 16 वर्ष 5 माह की नाबालिग को जिला नर्मदापुरम से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। 4 मार्च 2026 को बालिका के लापता होने पर मामला दर्ज किया गया था। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। 10 अप्रैल को बालिका सुरक्षित मिली, परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

### द्वितीय जिनदेशना बाल-युवा शिक्षण शिविर की पत्रिका का विमोचन

**विदिशा।** शीतलनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में आयोजित श्रुत अवगाहन शिविर के दौरान रविवार को द्वितीय जिनदेशना बाल-युवा शिक्षण शिविर की पत्रिका का विमोचन बाल ब्रह्मचारी पं. सुमतप्रकाश के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में पं. शिखरचंद अलंकार, पं. नंदकिशोर गोयल व अन्य विद्वानों ने स्वस्तिक तिलक कर शुभारंभ किया। शिविर 3 से 9 मई तक आयोजित होगा। संचालक ने बताया कि पंजीयन ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रारंभ है।

---

मुख्य कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

# स्कूल चलो अभियान में नवप्रवेशी व मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत संकुल बिल्ला के पूर्व माध्यमिक विद्यालय दैलवारा, प्राथमिक विद्यालय उमरी एवं प्राथमिक विद्यालय गुगरवारा में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय दैलवारा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्राओं द्वारा पन्नाधाय के चरित्र पर आधारित एकांकी एवं अन्य शिक्षाप्रद नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों को भावविभोर कर दिया। मार्मिक प्रस्तुति से प्रभावित होकर अतिथियों ने प्रतिभागी छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

शिक्षक कर्मचारी परिषद जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार का उद्देश्य तकनीकी एवं रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में जूनियर हाई स्कूलों में डिजिटल क्लास संचालित की जा रही हैं तथा चयनित विद्यालयों में लर्निंग बाय डूइंग योजना के तहत मिनी आईटीआई की तर्ज पर कौशल आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर बन सकें। एकेडमिक रिसोर्स पर्सन विशाल नायक ने कहा कि शिक्षा के तीन प्रमुख सोपान कक्षा, मंच और मैदान हैं, और इस विद्यालय के विद्यार्थी तीनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की सराहना की। इस दौरान एआरपी उदयभान सिंह, विशाल नायक, जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी, गिरीश साहू, अखिलेश श्रीवास्तव, अनुराधा मोदी, चंपालाल, के.के.दुबे सहित अनेक शिक्षक व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन गिरीश साहू ने किया, जबकि आभार प्रधानाध्यापक अखिलेश श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। वहीं, पूर्व प्राथमिक विद्यालय उमरी में संकुल प्रभारी हेमंत तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का सम्मान किया गया। साथ ही संकुल शिक्षक शरद श्रीवास्तव के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान एआरपी उदयभान सिंह, आजाद वर्मा, राजेंद्र यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में आनंद मिश्रा, पंकज पुष्पकार, आकाश सोनी, स्नेहलता, दीपिका दुबे, अभिषेक शर्मा, विशाल शर्मा सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

---

जय अंबे समिति ने किया रक्तदान

# रक्त वीरांगना आशी कोरी ने बचाई मरीज की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सक्रिय जय अंबे रक्तदान समिति एक बार फिर मानवता की मिसाल बनी। समिति के प्रयासों से पांच जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराकर उनका जीवन बचाया गया।

खास बात यह रही कि रक्त वीरांगना आशी कोरी ने तीसरी बार रक्तदान कर उस मरीज की मदद की, जिसकी वृद्ध मां दो दिन से खून के लिए भटक रही थी। मध्य प्रदेश के चंदेरी निवासी अमर श्रीवास्तव ने दूरभाष के माध्यम से समिति को सूचित किया कि उर्मिला रैकवार का ऑपरेशन होना है, लेकिन रक्त की कमी के कारण दो दिन से ऑपरेशन नहीं हो पा रहा है। सूचना मिलते ही समिति के सदस्य तत्काल मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक पहुंचे, जहां आशी कोरी ने रक्तदान कर उर्मिला रैकवार को नया जीवन दिया। इसी क्रम में अन्य जरूरतमंदों की भी मदद की गई। शाहबाज खान उर्फ सनी (मनरेगा कार्यालय) ने नेहरू नगर निवासी रश्मि शर्मा को रक्तदान किया। ग्राम किशलवास (जखौरा) निवासी रानी राजपूत के लिए राजीव बाल्मीकि ने पहली बार रक्तदान किया। वहीं ग्राम बरखेरा (बिरधा) की गर्भवती महिला बिन्नू राजा के लिए रत्नेश यादव ने 14वीं बार रक्तदान कर सराहनीय योगदान दिया। इसके अलावा ग्राम गदनपुर निवासी कैंसर पीड़ित वीर खान को कार्ड के माध्यम से रक्त उपलब्ध कराया गया। मदद मिलने पर सभी मरीजों के परिजनों ने जय अंबे रक्तदान समिति एवं रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष दीपक राठौर, समाजसेवी कन्हैया लाल रजक, बलराम राज, विवेक श्रीवास, मुकेश शर्मा, फारूक अहमद, शाहरुख खान, भवानी सिंह यादव, राम सिंह राजपूत, मनीष पटवा, मुन्नीबाई, धैर्य कोरी, मिथिलेश यादव, जगभान यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

---

पेयजल आपूर्ति करने की कवायदें

# प्रशासन का दावा किया 1.74 लाख लोगों को मिल रहा नियमित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भीषण गर्मी और गिरते जलस्तर के बीच जनपद में पेयजल आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। पाइपलाइन द्वारा प्रतिदिन लगभग 45 एमएलडी पानी की आपूर्ति करते हुए शहर के 26 वार्डों में करीब 1.74 लाख लोगों तक पेयजल पहुंचाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 7 नलकूपों एवं 2 ओपन वेल के माध्यम से लगभग 1 एमएलडी पानी की आपूर्ति कर करीब 5 हजार लोगों को राहत दी जा रही है।

जिन ऊंचाई वाले क्षेत्रों या पाइपलाइन विहीन बस्तियों में पानी की समस्या बनी हुई है, वहां विभाग द्वारा टैंकरों से निशुल्क जल आपूर्ति की जा रही है। नगर पालिका द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, कुल लगभग 46 एमएलडी पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं खराब पड़े 196 हैंडपंपों में से 45 को ठीक कर लिया गया है और शेष की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में 686 हैंडपंप चालू स्थिति में हैं। पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कलेक्ट्रेट में 24&7 कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से नागरिकों से लगातार फीडबैक लिया जा रहा है और समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशन में प्रभावित क्षेत्रों में नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट न हो, इसके हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

---

ललितपुर पुलिस की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया

# ऑल इंडिया आर्चरी चैंपियनशिप में महिला पुलिसकर्मियों ने जीता स्वर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अखिल भारतीय पुलिस आर्चरी चैंपियनशिप-2026 में ललितपुर पुलिस की महिला खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हांसिल कर जनपद और विभाग का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 23 से 27 फरवरी 2026 तक भिलाई (छत्तीसगढ़) में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में ललितपुर में तैनात महिला मुख्य आरक्षी प्रीति चौधरी और महिला आरक्षी भूमि कुमारी ने कड़े मुकाबले के बीच बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाडियों ने अपने कौशल, अनुशासन और समर्पण का उत्कृष्ट परिचय दिया, जो अन्य पुलिस कर्मियों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने दोनों खिलाडियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसपी ने कहा कि जनपद पुलिस अपने कर्मियों की प्रतिभा को लगातार प्रोत्साहित करती रहेगी और ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### अयोध्या योगासन प्रतियोगिता में खुशी मित्तल का शानदार प्रदर्शन, दो पदक जीते



**ललितपुर।** विगत 11-12 अप्रैल 2026 को अयोध्या में आयोजित नेशनल योगासन कॉम्पिटिशन में एक इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा खुशी मित्तल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। देशभर से आए 700 से अधिक प्रतिभागियों के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए खुशी ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खुशी ने ट्रेडिशनल योगासन श्रेणी में रजत पदक तथा आर्टिस्टिक सोलो श्रेणी में कांस्य पदक हासिल किया। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी मित्तल ने इसका श्रेय अपनी कड़ी मेहनत और अपनी कोच सुश्री राखी सरकार के मार्गदर्शन को दिया। उनकी इस सफलता से विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

---

जिला बार भवन में हुआ वृहद हस्ताक्षर अभियान

# गो माता को राष्ट्रमाता के सम्मान हेतु वकीलों ने आवाज बुलंद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



गो माता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाने और उनके संरक्षण हेतु चलाए जा रहे गो सम्मान आह्वान अभियान ने अब विधिक जगत में भी अपनी पैठ बना ली है। इसी क्रम में जिला बार भवन में अधिवक्ताओं के बीच एक विशाल हस्ताक्षर अभियान और शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अभियान का नेतृत्व कर रहे अधिवक्ता गोपुत्र मनीष दुबे द्वारा जिला बार भवन में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं को गो माता की रक्षा और उनके सम्मान हेतु संकल्प दिलाया गया। इस दौरान मनीष दुबे ने कहा कि गो सेवा केवल धार्मिक कार्य नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने पोर्टल गौसम्मान क्लाउड के माध्यम से लोगों को इस मुहिम से जुडऩे का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश घोष ने अपने ओजस्वी वक्तव्य से उपस्थित अधिवक्ताओं को जागरुक किया। उन्होंने कहा कि कानून और समाज दोनों में गौ माता का स्थान सर्वोपरि होना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता शरद चौबे ने भी अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस हस्ताक्षर अभियान का उद्देश्य सरकार तक जन-जन की आवाज पहुँचाना है ताकि गौ माता को उचित संवैधानिक सम्मान मिल सके। इस पुनीत कार्य में जनपद के वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। हस्ताक्षर करने वालों और समर्थन देने वालों में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता ओमप्रकाश घोष, एड.शरद चौबे, महेंद्र जैन झब्बू, एड.अजय राजपूत, एड. परशुराम उदेनिया, एड.आनंद चतुर्वेदी, एड.गौरव जैन, एड. दीपक राजपूत, एड. रविन्द्र घोष, एड. शशिकांत राजपूत, एड. पुष्पेंद्र सिंह चौहान, एड.मुकेश कुमार कटारे, एड.शैलेन्द्र सिंह बुंदेला, विकास त्रिपाठी, आकाश झा, शंकरलाल कुशवाहा, विजय नारायण गोस्वामी, कमलेश गुप्ता, अंकित जैन, जुबैद खान, हरिराम राजपूत, मनोज कुमार, हरदेव निरंजन, एड.मनीष राठौर सहित अनेक प्रबुद्धजनों ने हस्ताक्षर कर गौ माता की रक्षा का संकल्प लिया। अभियान के अंत में जानकारी दी गई कि जो लोग व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सके, वह वेबसाइट गौसम्मान क्लाउड पर जाकर डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से इस राष्ट्रव्यापी मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं। जिला बार भवन में हुए इस सफल आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि गौ रक्षा के मुद्दे पर समाज का प्रबुद्ध वर्ग पूरी तरह लामबंद है।

---

# दिनेश गोस्वामी की धर्म पत्नी के निधन पर शोक जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारतीय जनता के जिला कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया।शोकसभा में सांसद कार्यालय प्रभारी दिनेश गोस्वामी एड की धर्म पत्नी राजकुमारी गोस्वामी का लम्बी बीमारी के बाद हुये निधन पर शोक व्यक्त किया गया एवं दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना की गई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी,सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, बरिष्ठ नेता अशोक गोस्वामी, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे, हरीराम निरंजन, रमेश कुमार सिंह लोधी एड,जगदीश सिंह लोधी एड, राजकुमार जैन, अशोक गोस्वामी, बब्बू राजा बुन्देला, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, रमेश कुमार खटीक, भागीरथ बरुआ, जिला महामंत्री गौरव गौतम, हरीराम सिंह लोधी एड, रजनी अहिरवार , मुन्ना लाल सैदपुर, एम एल सी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, जिला उपाध्यक्ष महेश श्रीवास्तव भैया, अवतार सिंह लोधी, अनुपमा जायसवाल, रुचिका बुन्देला, रमेश कुमार सिंह कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला मंत्री गण ध्रुव सिंह सिसौदिया, दीपक पाराशर, सुनीता पंथ, डा दीपक चौबे, किंजल्क हुड्डैत, सुरेश कोंते, श्याम विहारी कौशिक, धर्मेन्द्र गोस्वामी, राजेश लिटौरिया, प्रदीप कुमार खटीक, मनोहर सिंह यादव,डा तेजस्व श्रीवास्तव, जगभान सिंह लोधी एड,रा जू अहिरवार, संजू अहिरवार प्रताप विक्रम सिंह यादव, अमरदीप रजक, जिमि जैन आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की शोक सभा संपन्न

**ललितपुर।** शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की एक शोक सभा मोर्चा के संरक्षक एवं शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। शोक सभा में सांसद प्रतिनिधि पं.दिनेश गोस्वामी एड.की धर्मपत्नी स्व. राजकुमारी गोस्वामी तथा राजकीय शिक्षक संघ पूर्व जिलाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पूर्व प्राचार्य शिक्षक मनीष खरे एवं अभिषेक खरे के पिता स्व. विनोद कुमार खरे के असमय निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री केदारनाथ तिवारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद दुबे, महेश तिवारी, कमलेश कुमार, डा.हेमंत तिवारी, देवेंद्र रावत, सुरेंद्र पटेरिया, रूपेश साहू, अनंत तिवारी, अभिषेक शर्मा, सुशील रावत, आशीष जैन, श्रीकृष्ण पटैरिया, मनोज किलेदार, अखिलेश श्रीवास्तव, जसवंत सिंह, संजय टडैया सहित अन्य शिक्षकों एवं पदाधिकारियों ने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

---

ट्रैक्टर डीलरशिप पर धमकी का मामला

# कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज, युवक ने भाई-भाई डीलरों पर लगाया आरोप

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र के भारत ट्रैक्टर्स टीकमगढ़ रोड स्थित डीलरशिप पर एक युवक के साथ लात-घूंसे मारने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित जगदीश सिंह लोधी ने ट्रैक्टर डीलर प्रदीप जैन, प्रशांत जैन, सेल्समैन हरगोविंद और मैनेजर रामपाल पर बीएनएस की धारा 351(3), 352, 115(2) तथा 318(4) के तहत मामला दर्ज कराया है। थाना बानपुर के ग्राम सुनवाहा में रहने वाले जगदीश सिंह लोधी ने बताया कि वह तहसील महरौनी से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह भारत ट्रैक्टर्स शोरूम के सामने पहुंचे, चारों आरोपी एक साथ उनके पास आए। उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और मां-बहन वाली भद्दी गालियां दीं। जब जगदीश ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें लातों-घूसों से बुरी तरह मारा-पीटा और खुलेआम धमकी दी। ट्रैक्टर वापस करने या सुधारने की बात की तो जान से मार देंगे। पीड़ित के चिल्लाने पर मौके पर स्थानीय लोग सहित कई ग्रामीण पहुंच गए, जिन्होंने बीच-बचाव किया। बताया जा रहा है कि जगदीश सिंह लोधी ने 30 अक्टूबर 2023 को भारत ट्रैक्टर्स से 60 एचपी ट्रैक्टर (यूपी 94 ए0एच 5010) खरीदा था। गारंटी के तहत उसे बदलवाने या सुधारवाने के लिए शोरूम ले गया। इसी बात पर डीलर पक्ष रंजिश मान गया। जगदीश सिंह ने घटना की रिपोर्ट थाना महरौनी में लिखाने गए, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने 16 फरवरी को रजिस्ट्री डाक से ललितपुर के पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजी, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार उन्होंने एसीजेएम महरौनी की अदालत में याचिका दायर की, जिसके आदेश पर 12 अप्रैल को थाना महरौनी में मामला दर्ज किया है।

---

सराफा व्यापारियों ने एसपी का सम्मान किया

# समस्याओं के समाधान पर पुलिस अधिकारियों का आभार जताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सराफा बाजार में सर्राफा एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक सम्मान समारोह में सराफा व्यापारियों की समस्याओं के निस्तारण में सहयोग देने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक सहित अनेक पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर सीओ सदर सुनील कुमार भारद्वाज, थाना प्रभारी सहित घंटाघर चौकी इंचार्ज प्रशान्त राणा एवं अन्य सहयोगी अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता मनोज कुमार मज्जू सोनी ने की, जबकि संचालन उदयचंद्र सराफ ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सराफा व्यापारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से मनमोहन जड़िया, प्रभु तामिया, प्रभात सराफ, शिवचरण सोनी, वृंदावन सोनी, मनोज सराफ, बल्ली, संजीव सोनी, मुकेश तामिया, संजय सराफ, सतीश गुप्ता, धर्मेंद्र जड़िया, राज सोनी, जगदीश तामिया, संजय सोनी, देवकीनंदन सोनी, नवल किशोर सोनी, मनोज सराफ, बृजेश लाला, देवेंद्र कौशल, सौरभ टडैया, आशीष टडैया, दीपक अग्रवाल, ओमप्रकाश सोनी, मुन्ना झा, सुशील जड़िया, पप्पू पोद्दार, राकेश, सुनील, लोटन, अर्जुन भोसले सहित अलंकार ज्वेलर्स, अमर ज्वेलर्स आदि प्रतिष्ठानों के व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में व्यापारियों ने एकजुट होकर सराफा बाजार की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक सहयोग की सराहना की।

### व्यापारियों की सुरक्षा व साइबर जागरूकता पर जोर, एसपी ने सख्त निर्देश दिए

कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने रविवार को सर्राफा एसोसिएशन, व्यापार मंडल पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की। बैठक में साइबर सुरक्षा जागरूकता पर विशेष बल देते हुए व्यापारियों को सतर्क रहने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल व मैसेज, यूपीआई फ्रॉड जैसे मामलों से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में ओटीपी, पासवर्ड या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। केवल आधिकारिक व विश्वसनीय ऐप और वेबसाइट का ही उपयोग करें तथा संदिग्ध साइबर गतिविधि की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस को दें। बैठक के दौरान व्यापारियों ने बाजारों में चोरी, ठगी, अतिक्रमण, संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही और यातायात व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं उठाईं, जिस पर एसपी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने, सभी प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने और उन्हें चालू रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही व्यापारियों से अपील की गई कि वह संदिग्ध व्यक्तियों या गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें। एसपी ने आश्वासन दिया कि जनपद में शांति और सुरक्षा बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। व्यापारियों ने ललितपुर पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का भरोसा दिलाया।

